# भारतीय जनता पार्टी

(केन्द्रीय कार्यालय)
6ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

दिनांक : 08 मई 2024, बुधवार

**केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा महाराष्ट्र के जालना में आयोजित जनसभा में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु**

**उद्धव ठाकरे सत्ता के लालच में औरंगाबाद का नाम बदलकर संभाजीनगर करने का विरोध करने वालों के पैरों में पड़े हैं**

**************

**कोरोना में मोदी जी लोगों की जान बचा रहे थे और ये इंडी गठबंधन वाले कोरोना के मरीजों की खिचड़ी से मलाई खा रहे थे**

**************

**शरिया के हिसाब से देश चलाने की बात करने वालों के साथ बैठे हैं उद्धव ठाकरे**

**************

**विपक्ष सत्ता में आया, तो राम मंदिर पर बाबरी नाम का ताला लगाने का पाप कर देगी**

**************

**राहुल बाबा, आपकी दादी ने गरीबी हटाओ का वादा किया था, पर किसी कांग्रेसी ने पूरा नहीं किया, मोदी जी ने 80 करोड़ गरीबों का जीवन बेहतर किया**

**************

माननीय केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज बुधवार को महाराष्ट्र के जालना में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस और इंडी गठबंधन के भ्रष्टाचार पर करारा प्रहार किया। कार्यक्रम के दौरान मंच पर महाराष्ट्र उपमुख्यमंत्री श्री देवेन्द्र फड़णवीस, केन्द्रीय मंत्री श्री भागवत करार, महाराष्ट्र कैबिनेट मंत्री श्री अतुल सावे, महाराष्ट्र भाजपा महामंत्री श्री संजय केनेकर, राज्यसभा सांसद श्री अजीत गोपछडे और जालना सांसद श्री रावसाहेब दानवे पाटिल सहित और अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि आगामी चुनाव देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण चुनाव है। **एक ओर, राहुल गांधी के नेतृत्व में 12 लाख करोड़ के घोटाले करने वाला इंडी गठबंधन है, जिसके झारखंड के एक मंत्री घर से 30 करोड़ रुपए नगद जब्त किए गए हैं और इससे पहले कांग्रेस के सांसद के घर से 350 करोड़ रुपए और ममता बनर्जी के मंत्री के ठिकानों से 50 करोड़ रुपए जब्त किए गए थे। दूसरी ओर, आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं जो 23 वर्षों से बेदाग और बिना किसी भ्रष्टाचार के आरोप के राज्य और केन्द्र सरकार चला रहे हैं।** उन्होंने कहा कि **एक तरफ विदेशों में जाकर छुट्टी मनाने वाले राहुल गांधी हैं और दूसरी तरफ बिना किसी अवकाश के लगातार 23 वर्षों तक राष्ट्रसेवा करने वाले माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं।** भाजपा प्रत्याशी को दिया हुआ जालना की जनता का प्रत्येक वोट श्री नरेन्द्र मोदी जी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में महत्वपूर्ण

योगदान देगा। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने इस देश को सुरक्षित और समृद्ध बनाया है एवं विश्व में भारत के सम्मान वृद्धि की है।

श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस ने वर्षों तक राम मंदिर के मुद्दे को लंबित रखा, लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अपने कार्यकाल में न्यायालय के माध्यम से राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त भी किया, भूमि पूजन भी किया और 22 जनवरी को भव्य मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा भी कर दी। वोटबैंक की नाराजगी के डर के चलते इंडी गठबंधन के दलों ने प्रभु श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा के पावन महोत्सव का बहिष्कार कर दिया। भारतीय जनता पार्टी इस वोटबैंक से डरती नहीं है। भाजपा ने न केवल राम मंदिर का निर्माण करवाया, बल्कि काशी विश्वनाथ का पुनरुद्धार भी किया और सोमनाथ मंदिर को भी सोने का बनवाया जा रहा है। जम्मू-कश्मीर भारत का अखंड हिस्सा है, लेकिन कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का मानना है कि कश्मीर से राजस्थान और महाराष्ट्र सहित पूरे देश से कोई रिश्ता नहीं है। सत्य तो ये है कि जालना सहित पूरे महाराष्ट्र का बच्चा-बच्चा तक कश्मीर के लिए अपनी जान दे सकता है। कांग्रेस ने धारा 370 को संभालकर रखा था, लेकिन दूसरी बार कार्यभार संभालते ही माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी 5 अगस्त 2019 को धारा 370 को सदैव के लिए समाप्त कर कश्मीर को भारत का अभिन्न हिस्सा बना दिया। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश से आतंकवाद और नक्सलवाद को भी समाप्त कर दिया है।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि इंदिरा गांधी द्वारा दिया गया गरीबी हटाओ का नारा किसी कांग्रेस सरकार में पूरा नहीं किया गया, लेकिन माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 80 करोड़ गरीबों को निशुल्क अनाज, नल से जल, गैस सिलेंडर और पांच लाख रुपए तक का निशुल्क स्वास्थ्य बीमा मुहैया कर उनका जीवन स्तर बेहतर कर दिया है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने कोरोना जैसी महामारी में सभी देशवासियों को नि:शुल्क टीका लगवाकर, सभी को सुरक्षित किया। **एक ओर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी लोगों की जान बचा रहे थे, दूसरी ओर कोरोनाकाल में उद्धव ठाकरे के साथी कोरोनाकाल में मरीजों के लिए आए खिचड़ी के पैसों की मलाई खा रहे थे।** जालना का स्टील उद्योग न केवल महाराष्ट्र नहीं, बल्कि पूरी भारत की शान है, यहां से पूरे देश भर में स्टील भेजा जाता है। मोदी सरकार के नेतृत्व में महाराष्ट्र उपमुख्यमंत्री श्री देवेन्द्र फड़णवीस के कुशल प्रयासों से जालना के स्टील को पूरी दुनिया में भेजा जा रहा है। **जिन (उद्धव ठाकरे) विपक्षी पार्टियों ने औरंगाबाद का नाम संभाजी नगर रखे जाने पर सदैव विरोध किया, आज वे सत्ता में बने रहने के लिए कांग्रेस और शरद पवार के चरणों में पड़े हुए हैं।** छत्रपति संभाजी के नाम से औरंगाबाद का नाम बदलने का प्रस्ताव, राम मंदिर बनाने के निर्णय, धारा 370 को हटाना, तीन तलाक को हटाना, इन सभी मुद्दों पर उद्धव ठाकरे चुप्पी साध लेते हैं। **उद्धव ठाकरे उस पार्टी का समर्थन कर रहे हैं जो तीन तलाक वापस लाना चाहते है और शरिया के आधार पर इस देश को चलाना चाहते हैं।**

श्री शाह ने कहा कि **आज कल पाकिस्तान के लोग राहुल बाबा का समर्थन कर रहे हैं,** इसका कारण यह है कि जब-जब देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक करते हैं, नक्सलवादियों को मारते है, आतंकवादियों को मारते हैं, सीएए कानून लागू करते हैं, तो राहुल गांधी प्रश्न खड़े करते हैं। **पाकिस्तान का एजेंडा अगर भारत में कोई आगे बढ़ाता है तो वह राहुल गांधी की कांग्रेस पार्टी है। अगर कांग्रेस पार्टी सत्ता में आई तो राम मंदिर पर भी बाबरी नाम का ताला लगाने का पाप करेगी।** उन्होंने कहा कि अगर विपक्षी गठबंधन को बहुमत मिल गया तो प्रधानमंत्री कौन बनेगा? देश को कौन चलएगा? ममता जी, शरद पवार, अखिलेश यादव, या राहुल बाबा? यदि इंडी गठबंधन के सभी नेता

एक-एक साल भी देश चलाएगें, तो भी देश नहीं संभाल पाएंगे। केवल माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ही देश को चला सकते हैं और सुरक्षा प्रदान कर सकते हैं।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन के पास न नेता और न ही नीयत है, लेकिन माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के पास 10 वर्षों का हिसाब भी है और 25 वर्षों का विजन भी है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार विजयी बनाने का अर्थ है कि हर क्षेत्र में भारत को विश्व का प्रथम देश बनाना, पाकिस्तान को गोली का जवाब गोले से देना, करोड़ों युवाओं को विश्व के साथ कदमताल कर चलने का मंच देना और पूरे विश्व में देश की प्रतिष्ठा को बढ़ाना। यूपीए शासन के 10 वर्षों में महाराष्ट्र को मात्र 1 लाख 91 हजार करोड़ रुपए आवंटित किए गए थे, लेकिन माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अपने 10 वर्षों में महाराष्ट्र के विकास के लिए 9 लाख 80 हजार करोड़ की बड़ी धनराशि दी है, अनेक इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाएं दी हैं और उपमुख्यमंत्री श्री देवेन्द्र फड़णवीस ने महाराष्ट्र को निवेश में पूरे देश में प्रथम राज्य बना दिया है। इंडी गठबंधन के पास विकास की कोई योजना नहीं है, ये गठबंधन देश को आगे नहीं ले जा सकता। महाराष्ट्र और देश को सिर्फ माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ही विकास पथ पर अग्रसर कर सकती है। माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने स्थानीय प्रत्याशी को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाकर देश में फिर एक बार मोदी सरकार बनाने और भाजपा को 400 से अधिक सीटों पर विजयी बनाने की अपील की।

*********************